आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए की कानून व्यवस्था और त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा। त्योहारों के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रखने का दिया निर्देश।
- बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लखनऊ में रैली को किया संबोधित। कहा– 2027 में बसपा अकेले लड़ेगी प्रदेश में विधानसभा चुनाव।
- प्रदेश में दस दिवसीय यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेलों की हुई शुरुआत। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में करेंगे मेले का शुभारंभ।
- अयोध्या के पूरा कलंदर क्षेत्र के पगला भारी गांव में धमाके की आवाज के साथ छत गिरने से पांच लोगों की मौत।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर स्थित अपने आवासीय परिसर से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की कानून–व्यवस्था और आगामी त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की। इस वर्चुअल बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित मंडलों और जिलों में तैनात पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्व–त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए, किन्तु जांच के नाम पर उत्पीड़न का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य एवं ट्रॉमा सेवाएं अनवरत रूप से चलती रहनी चाहिए। गांव हो या नगर हर जगह चिकित्सकों की सुलभ उपलब्धता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण से कहा कि वह अपने–अपने क्षेत्र में समाज के प्रतिष्ठितजन के साथ संवाद बनाएं। मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। इंटेलिजेंस को और बेहतर करने का प्रयास हो। उन्होंने अपराध नियंत्रण में सीसीटीवी की महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि सभी सीसीटीवी सही स्थिति में हों, यह सुनिश्चित किया जाए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति रहे प्रो यूपी सिंह की श्रद्धांजलि सभा में भी हिस्सा लिया।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल जालौन में अठारह सौ करोड़ रुपए से अधिक की तीन सौ पांच परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र व चेक भी वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के हित के लिए काम कर रही है।

**माफिया प्रवृत्ति के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। बेटी की सुरक्षा हो या व्यापारी का संरक्षण अन्नदाता किसान की खुशहाली हो या नौजवान के रोजगार की व्यवस्था डबल इंजिन की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ करने के लिए संकल्पित है।**

मुख्यमंत्री ने कल ही झांसी में विद्या भारती के छत्तीसवें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उन्होंने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। वहां अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है। हर गांव में खेल के मैदान, जनपद में स्टेडियम और नगरों में ओपन जिम बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा भी की।

**********

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल अयोध्या में परिवार के साथ श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कुबेर टीला स्थित देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक भी किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इससे पहले बुधवार की शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के साथ आगामी ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

**********

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कल बसपा संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ में रैली को संबोधित किया। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सत्ताइस में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बसपा अकेले चुनाव लड़ेगी। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कल से दस दिवसीय यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का शुभारंभ हुआ। हरदोई में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्ष में प्रदेश की कैपिटल दो गुनी हो चुकी है।

उन्नाव जिले में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि स्वदेशी अपना कर ही देश को आत्म निर्भर बनाया जा सकता है। गौतमबुद्धनगर में प्रदेश सरकार के मंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर, इटावा में राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति, रामपुर में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा, मेरठ में जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटिक और कासगंज में गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने मेले का उद्घाटन किया। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज स्वदेशी मेले का शुभारंभ करेंगे।

**********

अयोध्या जिले के पूरा कलंदर क्षेत्र के पगला भारी गांव में कल शाम धमाके की आवाज के साथ एक मकान की छत गिरने के कारण पांच लोगों की मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फायर बिग्रेड और फॉरेंसिक टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इसके बाद स्थानीय पुलिस जांच में जुट गयी। वहां के पुलिस अधीक्षक डाक्टर गौरव ग्रोवर ने बताया कि प्रथम दृष्टया घटना का कारण सिलेंडर विस्फोट लग रहा है।

**जनपद अयोध्या के थाना पूरा कलंदर के पगला भारी जो गांव है वहां से एक सूचना प्राप्त हुई कि एक मकान जो की गांव के बाहर खेतो में बना हुआ है उसकी छत गिर गई है जिससे काफी बड़ी आवाज के साथ विस्फोट की आवाज आई है मौके पर जो प्रथम दृष्टया दिख रहा है की जो किचन के बर्तन होते हैं वो काफी बड़ी मात्रा मे बिखरे हुए हैं। छतिग्रस्त हुए हैं और वहां पर ही ये संभवत यह घटना हुई है। वहीं की छत गिरि है।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

**********

कानपुर के मूलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार की रात हुए धमाके के बाद पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने श्रेत्र के एसीपी आशुतोष कुमार को उनके पद से हटा दिया। साथ ही मूलगंज थाना प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मियों को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया । पुलिस कमिश्नर ने बताया कि मूलगंज थाना क्षेत्र के बिसात खाना बाजार में दुकानों के बाहर खड़ी स्कूटी में हुए जोरदार धमाके के मामले में पुलिस ने बारह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना अवैध पटाखों और बारूद से सम्बंधित है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

**नए जीएसटी सुधारों से किसानों, कारीगरों उद्योगों और छोटे व्यवसायों को बड़ा फायदा मिला है। मछली पकड़ने के उपकरण, मछली के तेल और डीजल इंजन और पंप जैसे सामानों पर जीएसटी पहले के 12 और 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। जिससे मछुआरा समुदायों पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। इसके साथ ही दूध और उससे जुड़े उत्पादों पर जीएसटी घटने से डेयरी क्षेत्र को सीधा फायदा मिला है। जिससे 24 लाख किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ ही दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की कीमतें भी 5 से सात प्रतिशत की कमी आई है। सौम्या शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

आज करवा चौथ है। सुहागिन महिलाएं इस अवसर पर पति की लंबी आयु, सुख–समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की मनोकामना के लिए निर्जला व्रत रख कर पूजा अर्चना कर रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने राज्य के सभी महिला बंदीगृहों में आवासित महिलाओं को पतियों की उपस्थिति में पर्व मनाने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है।

**********

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दो अक्टूबर को संपन्न हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत डेढ़ हजार से ज़्यादा जगहों की सफाई की। मंत्रालय ने बताया कि उसने स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों की सफाई, स्वच्छता अभियान, घर–घर जाकर गतिविधियाँ, चित्रकला प्रतियोगिताएँ, स्वच्छता रैलियाँ और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे विभिन्न विषयों पर दो हजार सात सौ पचास से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए।

**********